SWATANTRA BHARAT, LUCKNOW
Wednesday, November 10, 2010

टीसीएस आई टी बिज तकनीकी प्रश्नोत्तरी 16 को

लखनऊ, 9 नवम्बर (सं.)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तत्वावधान में भारत के स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीकी प्रश्नोत्तरी टीसीएस आईटीविज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन 16 नवम्बर को उ.प्र. संगीत एवं नाटक अकादमी के गड़गे सभागार में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए टीसीएस हेड जयन्त कृष्णा ने पत्रकारों को बताया कि यह प्रतियोगिता युवा और जिज्ञासा दिमाग के लिये एक सूचना प्रौद्योगिकी का उत्कृष्ट मंच है। प्रश्नोत्तरी पढ़ाने एवं दिखाने का शक्तिशाली तरीका है। उन्होंने बताया कि लखनऊ देश में आई.टी. क्वीजिंग में एक सर्वोच्च स्थल के रूप में उभरा है पिछले वर्ष क्विज में कोलकाता और बंगलौर के बाद यह शहर देश में तीसरे स्थान पर था।

श्री कृष्णा ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में 200000 से अधिक छात्रों की भागीदारी की उम्मीद है। क्षेत्रीय दौरे के उपरांत दिसंबर 2010 में नेशनल फाइनल का आयोजन किया जाएगा। जहां 12 क्षेत्रीय दौर से विजयी टीमों टीसीएस आईटी विज राष्ट्रीय चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टीसीएस आईटी विज स्कूल में कक्षा 8 से 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है।

प्रत्येक संस्था की अनेक टीम (दो टीम प्रति सदस्य) प्रतियोगिता में भाग ले सकती है। प्रविष्टियों के लिए संबंधित संस्थाओं के माध्यम से 12 नवम्बर या इससे पहले संकल्प शर्मा, टीसीएस आईटी विज समन्वयक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अवध पार्क, विभूति खंड, गोमती नगर, 010 226 लखनऊ को भेजा होगा। स्कूलों इस साल ऑनलाइन रजिस्टर भी कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए पर लॉग ऑन करें: www.tcsitwiz.com या संपर्क करें : टेलीफोन : 0522-9235620529 6661132 ।

विख्यात क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे। अतुल कुमार गुप्ता, आईएएस, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, कार्यालय के मुख्य अतिथि एवं डॉ. कृपा शंकर, कुलपति, उत्तर प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय सम्मानित अतिथि होंगे।2010 टीसीएस आईटी विज के क्षेत्रीय विजेताओं को लैपटॉप से एवं दूसरे स्थान के विजेताओं को नेटबुक से पुरस्कृत किया जाएगा।6 फाइनलिस्ट भी बैकपैक एमपी 3 प्लेयर, हैड फोन, टी शर्ट आदि से सम्मानित किया जाएगा।